09.12.2024 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 1830 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार

○ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जयपुर में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के उद्‍घाटन सत्र में कहा–राजस्थान के विकास से देश के विकास को गति मिलेगी।

○ प्रधानमंत्री ने महिलाओं में वित्तीय साक्षरता और बीमा जागरुकता को बढ़ावा देने के लिए बीमा सखी योजना का शुभारंभ किया।

○ राजस्थान कैडर के वरिष्ठ आई.ए.एस. अधिकारी संजय मल्होत्रा भारतीय रिजर्व बैंक के नए गवर्नर नियुक्त।

○ प्रदेश में सर्द हवाओं के असर से ठंड बढ़ी–आगामी 4–5 दिन कुछ स्थानों पर शीतलहर चलने के आसार।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि राजस्थान के विकास से देश के विकास को भी गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान राइजिंग के साथ–साथ रिलाएबल भी है। वे आज जयपुर के जेईसीसी में शुरू हुए राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट के उद्‍घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के भंडार, समृद्ध विरासत, लेंडमार्क, बेहतर कनेक्टिविटी नेटवर्क और समर्थ युवाशक्ति राजस्थान को निवेश आकर्षित करने का महत्वपूर्ण स्थान बनाते हैं।

...............

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनियाभर के इंवेस्टर्स भारत को लेकर बहुत उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने, जो विकास किया है वह हर क्षेत्र में नजर आता है। श्री मोदी ने कहा कि एक दशक में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना गया है।

...............

प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में एमएसएमई की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सरकार अपनी नीतियों और निर्णयों से एमएसएमई क्षेत्र को लगातार मजबूत कर रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सरकार ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को दोगुना करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि विकसित भारत और विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में यह समिट बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा।

................

उद्‍घाटन सत्र में अनिल अग्रवाल, करण अडानी, कुमार मंगलम बिड़ला, आनंद महिंद्रा जैसे शीर्ष उद्योगपतियों ने भी अपने विचार रखे। तीन दिन चलने वाले इस समिट में देश–दुनिया के पांच हजार से ज्यादा निवेशक, उद्योगपति और व्यापार संगठनों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इससे पहले, जेईसीसी पहुंचने पर प्रधानमंत्री ने राजस्थान ग्लोबल बिजनिस एक्सपो का उद्‍घाटन किया। इसमें राजस्थान पेवेलियन, कन्ट्री पेवेलियन और स्टार्टअप पेवेलियन लगाये गये हैं।

रिप्लिट रिस्पोंसिबल, रेडी थीम पर हो रहे इस समिट में आज विभिन्न सैक्टर्सपर सत्र हुए। कल समिट के दूसरे दिन प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन होगा। इसके जरिये दुनियाभर में फैले प्रवासी राजस्थानियों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया जायेगा। सम्मेलन के अंतिम दिन एमएसएमई कॉन्क्लेव रखा गया है। इसमें एमएसएमई उद्यमी, निवेशक और विशेषज्ञ शिरकत करेंगे। प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर समिट के उद्‍घाटन सत्र का सीधा प्रसारण किया गया। इसे लोगों ने बड़े उत्साह के साथ देखा।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज हरियाणा के पानीपत में महिलाओं में वित्तीय साक्षरता और बीमा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए बीमा सखी योजना की शुरुआत की। भारतीय जीवन बीमा निगम–एलआईसी की यह पहल 18 से 70 वर्ष की आयु की 10वीं पास महिलाओं को सशक्त बनाएगी, उन्हें विशेष प्रशिक्षण और पहले तीन वर्षों के लिए वजीफा प्रदान करेगी। समारोह के दौरान प्रधानमंत्री ने भावी बीमा सखियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में महिला सशक्तिकरण के लिए अभूतपूर्व कदम उठाए हैं।
उन्होंने कहा कि बीमा सखी योजना की शुरूआत के साथ ही देश ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और कदम बढ़ा दिया है। श्री मोदी ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उन्हें अधिक अवसर देने पर जोर दिया। कार्यक्रम में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार ने तीन वर्षों में बीमा सखी योजना के तहत दो लाख से अधिक महिलाओं को भर्ती करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि इस योजना के लिए आयु कोई बाधा नहीं होगी और 18 वर्ष से 70 वर्ष की आयु की महिलाएं इस योजना के लिए पात्र होंगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं के लिए 3 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि निर्धारित की गई है।

000

केंद्र ने कहा है कि देश में चल और अचल वक्फ संपत्तियों के आंकड़े इकट्ठा करने के लिए भारतीय वक्फ संपत्ति प्रबंधन प्रणाली–डब्ल्यू.ए.एम.एस.आई. पोर्टल शुरू किया गया है। राज्यसभा में आज एक प्रश्न के लिखित उत्तर में केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने जानकारी दी कि अब तक संबंधित राज्य वक्फ बोर्डों द्वारा 8 लाख 72 हजार से अधिक अचल और 16 हजार 713 चल संपत्तियों को भारतीय वक्फ संपत्ति प्रबंधन प्रणाली पोर्टल पर दर्ज किया गया है।

000

भारतीय प्रशासनिक सेवा के राजस्थान कैडर के वरिष्ठ अधिकारी संजय मल्होत्रा भारतीय रिजर्व बैंक के नए गवर्नर नियुक्त किये गये हैं। मंत्रीमंडलीय नियुक्ति समिति के सचिवालय की ओर से आज इस संबंध में आदेश जारी किये गये। उन्हें तीन साल की अवधि के लिए इस पद पर नियुक्त किया गया है। श्री मल्होत्रा वर्तमान में वित्त मंत्रालय में राजस्व विभाग के सचिव पद पर कार्यरत हैं। वे वर्तमान गवर्नर शक्तिकांत दास का स्थान लेंगे, जो कल सेवानिवृत्त हो रहे हैं। गौरतलब है कि श्री मल्होत्रा राज्य सरकार और केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

000

प्रदेश में सर्द हवाओं के असर से ठंड बढ़ गई है। बाडमेर और पाली को छोडकर अन्य स्थानों पर रात का पारा 12 डिग्री से नीचे आ गया है। ज्यादातर शहरों में न्यूनतम तापमान भी सर्दी से सिकुड़ कर इकाई अंक में दर्ज होने लगा है। आज भीलवाडा सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां तापमान गिरकर 5 डिग्री सेल्सियस पर आ पहुंचा। इसके अलावा डबोक में रात का पारा 5 दशमलव 2 डिग्री, चित्तौडगढ में 6, अंता में 6 दशमलव 3, फतेहपुर में 6 दशमलव 4, जालौर में 6 दशमलव 7, पिलानी, संगरिया और सीकर में 7, चूरू में 7 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस रहा। राजधानी जयपुर में भी पारा गिरकर 10 दशमलव 3 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। मौसम विभाग ने उत्तरी हवाओं के असर से राज्य के तापमान में 2 से 4 डिग्री गिरावट की संभावना जताई है। विभाग ने कहा है कि शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं रात का तापमान 4 से 6 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। इसके अलावा आगामी 4–5 दिन कुछ स्थानों पर शीतलहर चलने के आसार हैं।

000

राजसमंद में कल देसूरी की नाल में हुए सड़क हादसे में तीन स्कूली बालिकाओं की मौत की घटना के बाद आज राज्य बाल आयोग सदस्य ध्रुव कुमार कविया और उनकी टीम ने अस्पताल पहुंच कर घायल बच्चों की तबीयत पूछी। श्री कविया ने बताया कि आयोग की टीम ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों और कलेक्टर से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। टीम ने

दोषियों के खिलाफ कार्यवाही और प्रभावित बच्चों के लिए आर्थिक सहायता के बारे में भी बात की। वहीं दूसरी और राजसमंद कलेक्टर ने देसूरी की नाल मार्ग पर सड़क मरम्मत सहित सड़क संकतकों को दो दिन में ठीक करने के निर्देश दिए।

000

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने अजमेर में नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। टीम ने मध्य प्रदेश के रतलाम से मादक पदार्थ की खेप लेकर आये एक तस्कर को ओछडी टोल नाके पर पकड़ा। तस्कर के पास से 227 किलो से ज्यादा गांजा बरामद किया गया, जिसकी कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक है। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की टीम एक महीने से आरोपी पर निगाह रखे हुए थी। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह 10 से 15 बार मादक पदार्थ की तस्करी कर चुका है।

000

झुंझुनूं में अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक दिवस के अवसर पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में भ्रष्ट लोकसेवकों के खिलाफ कार्रवाई करने वाले परिवादियों को व्हिसल ब्लोअर के रूप में सम्मानित किया गया। एसीबी झुंझुनूं के एएसपी इस्माइल खान ने कार्यक्रम में कहा कि ब्यूरो की ओर से एसीबी आपके द्वार कार्यक्रम चलाया गया है, जिससे अब परिवादी को भ्रष्ट लोकसेवक की शिकायत करने के लिए एसीबी तक आने की जरूरत नहीं है। टोल फ्री नम्बर पर फोन करने पर खुद एसीबी परिवादी तक पहुंचती है और कार्रवाई करती है।

000

केंद्रीय संचार ब्यूरो अजमेर की ओर से किशनगढ़ में विकसित भारत मल्टीमीडिया प्रदर्शनी लगाई गई है। दो दिन की प्रदर्शनी का उद्घाटन नगर परिषद सभापति दिनेश सिंह राठौड़ और अन्य अधिकारियों ने किया। इस मौके पर ब्यूरो की ओर से मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई और विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

000